अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्र संख्या–पीआरपीबी–चार–16(18)–2023 दिनांक–अक्टूबर 30, 2023

विज्ञप्ति

उप निरीक्षक घुडसवार पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन

कृपया बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित **विज्ञप्ति दिनांकित 20–10–2023** का अवलोकन करें, जिसके द्वारा विभिन्न पदो के साथ **उप निरीक्षक घुडसवार पुलिस** के पद पर अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर चयन वर्ष 2023–24 की **कुल 03 रिक्तियों (उपलब्ध–02 सम्भावित–01)** को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के सम्बन्ध में प्रेषित अधियाचन के क्रम में ''उत्तर प्रदेश घुडसवार पुलिस सेवा नियमावली–2016'' के प्रावधान के अनुसार 06 पात्र कर्मियों की **शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड)** (आर.एफ.आई.डी. आधारित रेस) **दिनांक 08–11–2023** को समय 06.30 बजे से **गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, कुर्सी रोड, गुडम्बा, जनपद लखनऊ के ग्राउण्ड** में कराया जाना प्रस्तावित है।

2– ''उत्तर प्रदेश घुडसवार पुलिस सेवा नियमावली–2016'' के अनुसार ''उपनिरीक्षक घुडसवार पुलिस के स्वीकृत पदों की कुल संख्या के शतप्रतिशत पद अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये अर्हकारी प्रकृति के शारीरिक दक्षता परीक्षण सहित ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति के माध्यम से बोर्ड द्वारा मौलिक रूप से नियुक्त घुडसवार पुलिस के ऐसे मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस में से भरे जायेंगे, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को परिवीक्षा अवधि को सम्मिलित करते हुये इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो''

3– **शारीरिक दक्षता परीक्षण, जो अर्हकारी प्रकृति का होगा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों पर ही उप निरीक्षक घुडसवार पुलिस के पद पर पदोन्नति के लिये विचार किया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण में सफल होने के लिये अभ्यर्थियों को 3.2 कि0मी0 की दौड़ 35 मिनट पूरा करना आवश्यक होगा।**

4– उप निरीक्षक घुडसवार पुलिस के चयन वर्ष 2023–24 के कुल **03 रिक्त** (उपलब्ध–02 व सम्भावित–01) पदों पर चयन के अन्तर्गत संगत सेवा नियमावली के प्रावधान के अनुसार बोर्ड द्वारा परीक्षा से सम्बन्धित पात्र अभ्यर्थी/मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस, जिनकी सूची निम्नवत् है, के प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में सूचना शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी :–

क्र.सं.	पी.एन.ओ.	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	वर्तमान नियुक्ति
01	822762676	श्री त्रिभुवन सिंह	श्री जगदीश	कानपुर नगर
02	822032311	श्री नन्दलाल	श्री नरेश यादव	गोरखपुर
03	832760338	श्री राधेश्याम	श्री समर्थी सिंह	प्रयागराज
04	832250231	श्री राम चन्द्र यादव	श्री राम सेवक	लखनऊ
05	832761025	श्री प्रेम शंकर मिश्र	श्री राम प्रसाद मिश्र	प्रयागराज
06	842410946	श्री उदय वीर सिंह	श्री छोटे लाल	कानपुर नगर

5– अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह दिये गये दिनांक और समय पर उपस्थित हों। ऐसे कारणों से जो उनके नियंत्रण से परे हों और जो लिखित रूप में अभिलिखित किये जायेंगे, किसी विशिष्ट समय पर परीक्षण किये जाने वाले अभ्यर्थियों के समूह हेतु परीक्षण के दिनांक एवं समय में बोर्ड द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है। **यदि कोई अभ्यर्थी नियत दिनांक पर परीक्षा में सम्मिलित होने में विफल रहता है तो उसे परीक्षा में असफल माना जायेगा। परीक्षा में सम्मिलित न होने के कारण अथवा विहित मानक प्राप्त न कर सकने के कारण असफल हो जाने वाले अभ्यर्थी को दूसरा मौका नहीं दिया जायेगा और स्वास्थ्य के कारण या किसी अन्य आधार पर चाहे जो भी हो, पुनः परीक्षण के लिये कोई अपील नहीं की जा सकेगी।**

30.X.2023

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।